font>

Title: Regarding irregularities in the construction of roads under the Golden Quadrilateral Project in Bihar.

श्री राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव : अध्यक्ष महोदय, मैं बहुत महत्वपूर्ण मसले पर आपका ध्यान आकर्िात करना चाहता हूं। वह मसला यह है कि प्रधानमंत्री जी की जो स्वर्णिम चतुर्भुज फोर लेन सड़क योजना चल रही है। उसमें सभी जगह फोर लेन बनाने में जितनी गति दिखाई गई है, बिहार में फोर लेन सड़क को रानी कंस्ट्रक्शन और लेन्को कंस्ट्रक्शन, जो बाहर की कम्पनी ठेके लेती हैं, वे वहां जाकर उस ठेके को ठेकेदार के हाथों में बेच देती हैं। वहां उचित काम नहीं हो रहा है, इसी कारण से देश के सबसे ईमानदार सत्येन्द्र दूबे का कत्ल गया में कर दिया गया, जिसकी जांच सी.बी.आई. कर रही है।

मेरा आग्रह है एक ही है कि उसके परिवार को सुरक्षा दी जाये, उसके परिवार में किसी को नौकरी दी जाये और बीस लाख रुपये मुआवजा दिया जाये। सत्येन्द्र दूबे बहुत गरीब परिवार से हैं। आज तक वहां उनको कोई मुआवजा नहीं मिला है। उन्होंने अपने काम को ईमानदारी से करने का काम किया। लेन्को और रानी कंस्ट्रक्शन इसमें घपला कर रही हैं। पूर्णिया में पूरा का पूरा काम लेन्को और रानी कंस्ट्रक्शन कर रही हैं, लेकिन जो भी कंस्ट्रक्शन का काम कर रही हैं, वह ठेकेदारों के हाथ में है।â€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Nothing of what Shri Pappu Yadav says will go on record from now.

इसके बाद इनका भााण रिकार्ड पर नहीं जायेगा।

(Interruptions) *

अध्यक्ष महोदय : राधाकृणन जी को बोलने दो, आपने तो विाय अभी सदन में रख दिया है।

श्री राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव : सत्येन्द्र दूबे के बारे में मैं जानकारी चाहता हूं।

* Not Recorded.